**अभियान** | नगर निगम-पुलिस ने चलाया संयुक्त अभियान, करीब 60 अवैध अतिक्रमणों को हटाया गया

# गोलबाजार में अवैध कब्जों के खिलाफ चला प्रशासन का हंटर



**नवभारत, जबलपुर।** शहर की धड़कन कहे जाने वाले गोलबाजार क्षेत्र में रविवार को प्रशासन का सख्त और सुधारात्मक चेहरा देखने को मिला। सुबह निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार के औचक निरीक्षण के बाद, दोपहर होते-होते निगम, जिला और पुलिस प्रशासन ने संयुक्त रूप से पूरे क्षेत्र को अतिक्रमण मुक्त कर दिया। इस बड़ी कार्यवाही से सालों से जाम की समस्या झेल रहे राहगीरों और व्यापारियों ने राहत की सांस ली है।

कार्यवाही की शुरुआत रविवार सुबह तब हुई जब निगमायुक्त ने स्वयं गोलबाजार का पैदल भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पाया कि सड़कों और फुटपाथों पर अवैध कब्जों के कारण आम जनता का पैदल चलना भी दूभर हो गया है।

जानकारी के अनुसार दोपहर को नगर निगम की टीम, जिला प्रशासन के अधिकारियों और भारी पुलिस बल के साथ गोलबाजार पहुंची। इस संयुक्त कार्यवाही के दौरान सड़क घेरे हुए लगभग 50 से 60 अवैध अतिक्रमणों को हटाया गया और साथ ही नालियों के ऊपर बने पक्के और कच्चे ढांचों को साफ किया गया। वहीं सड़क पर सामान फैलाकर व्यापार करने वालों को सख्त चेतावनी दी गई।

### गोलबाजार की सूरत बदलने की तैयारी

शहर के सबसे व्यस्ततम और हृदय स्थल माने जाने वाले गोल बाजार क्षेत्र को जल्द ही कायाकल्प किया जाएगा। नगर निगम ने इस पूरे क्षेत्र को व्यवस्थित, अतिक्रमण मुक्त और सुंदर बनाने का निर्णय लिया है। निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार ने अधिकारियों की टीम के साथ रविवार को क्षेत्र का बारीकी से निरीक्षण किया और स्थानीय नागरिकों की सुविधा के लिए कई महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश जारी किए।

### शहर की सुंदरता और सुगमता पर जोर

प्रशासन की इस पहल का उद्देश्य केवल अतिक्रमण हटाना ही नहीं, बल्कि गोलबाजार को व्यवस्थित और सुंदर बनाना है। अधिकारियों का कहना है कि यह कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी ताकि शहर की यातायात व्यवस्था सुचारू बनी रहे। कार्यवाही के दौरान अतिक्रमण अधिकारी मनीष तड़से के साथ भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा।

### प्रमुख बदलाव जो आप जल्द देखेंगे



निगमायुक्त ने बताया कि गोल बाजार के चारों ओर के फुटपाथों को पूरी तरह व्यवस्थित किया जाएगा, ताकि पैदल चलने वालों को कोई परेशानी न हो। सड़कों और फुटपाथों पर होने वाले अवैध कब्जों को हटाकर आवागमन को सुगम बनाया जाएगा।

#### बैकलेन का होगा कायाकल्प

बाजार की बैकलेन की विशेष सफाई कराई जाएगी। इन्हें इतना स्वच्छ और सुंदर बनाया जाएगा कि नागरिक वहां सुबह-शाम वॉक कर सकें। पूरे क्षेत्र को 'ग्रीन और क्लीन' जोन की तरह विकसित किया जाएगा, जिससे स्थानीय जन स्वास्थ्य लाभ ले सकेंगे। निरीक्षण के दौरान निगमायुक्त के साथ अपर आयुक्त देवेंद्र सिंह चौहान, अशफाक परवेज कुरैशी, वी एन बाजपेई, उपायुक्त संभव अयाची, स्वास्थ्य अधिकारी अंकिता बर्मन आदि उपस्थित रहे।

# रहवासी इलाके में स्थित लकड़ी के टाल में भड़की आग

**गंगासागर इलाके में मचा हड़कंप**

**फायर ब्रिगेड की सक्रियता से समय पर बुझाई गई आग**



**नवभारत, जबलपुर।** गंगासागर गढ़ा इलाके के शनि मंदिर के पास देर रात करीब 2:50 पर उस वक्त हड़कंप मच गया जब वहां स्थित सत्य साईं टिंबर एवं प्लाईवुड नामक टाल में अचानक आग भड़क उठी। आग की ऊंची ऊंची लपटें देखकर आसपास रहने वाले सभी लोग घर अपने-अपने घरों से बाहर निकले और उन्होंने तत्काल फायर ब्रिगेड को सूचना दी। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंचे फायर ब्रिगेड के दो वाहनों और दो बड़े पानी के टैंकरों के माध्यम से आग पर काबू पाया गया। जानकारी के अनुसार विशाल पटेल नामक व्यक्ति का लकड़ी का टाल था जिसमें बीती रात आग भड़क उठी। आग लगने का कारण अभी सामने नहीं आया है लेकिन कयास लगाए जा रहे हैं कि आग संभवत: शार्ट सर्किट से लगी है। खबर है कि विशाल पटेल को इस अग्निकांड से करीब 10 लख रुपए का नुकसान हुआ है क्योंकि टाल में स्थित करीब 10 लाख रुपए की लकड़ियां जलकर खाक हो चुकीं थीं।

### फायर अमले ने की मेहनत

प्रत्यक्ष दर्शियों ने नवभारत को बताया कि फायर ब्रिगेड के अमले ने करीब 2 घंटे कड़ी मेहनत कर आग पर काबू पाया तब कहीं जाकर आसपास के लोगों ने राहत की सांस ली क्योंकि लोगों को डर था कि कहीं टाल में भड़की आग कहीं उनके घरों तक न पहुंच जाए। हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई है।

### रहवासी इलाके से बाहर किए जाएं टाल

नियमों की माने तो रहवासी इलाकों में टाल होना ही नहीं चाहिए था। ऐसे में गंगासागर इलाके की बात करें तो वहां कई लकड़ी की दुकान और ताल अभी भी मौजूद है। इसके पहले भी कई वर्षों पहले भी गंगासागर इलाके के लकड़ी के टालों में विशाल अग्निकांड हो चुके हैं बावजूद इसके टाल संचालक रहवासी इलाके से बाहर वाले क्षेत्र में अपने टालों को नहीं ले जा रहे हैं। वहीं प्रशासन ने इस पूरे मामले में कोई सख्त एक्शन अभी तक नहीं लिया। है सवाल खड़े हो रहे हैं की क्या आम जन की जिंदगियां इतनी सस्ती है की टाल संचालक अपनी मनमानी करते रहेंगे। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि गंगासागर इलाके में जितने भी टाल हैं उन्हें किसी दूसरे अन्य इलाके में स्थानांतरित किया जाए जहां रहवासी इलाका ना हो।

### मेडिकल, ग्वारीघाट और नयागांव के कचरे के ढेर में भड़की आग

रविवार को मेडिकल अस्पताल के पास, नयागांव रामपुर और झंडा चौक ग्वारीघाट के पास स्थित कचरे के ढेर, झाड़ियों में आग भड़क उठी। तीनों इलाकों में आग लगने की सूचना पर मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड के अमले ने आग पर समय पर काबू पाया। जानकारी के अनुसार तीनों इलाकों के कचरे के ढेर और झाड़ियां में आग लगने की स्पष्ट वजह तो सामने नहीं आई है लेकिन लोगों का कहना है कि कचरा बीनने वाले या असामाजिक तत्वों में कचरे के देर में आग लगाई है।

# धान में असहयोग करने वाले भी गेहूं की सूची में शामिल

▶ वेयरहाउस मैपिंग पर विवाद, असहयोगी संचालकों को भी मिली जगह

**नवभारत, जबलपुर।** जिले में समर्थन मूल्य पर होने वाली गेहूं खरीदी की तैयारियों के बीच वेयरहाउस चयन और मैपिंग प्रक्रिया पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। जिला उपार्जन समिति द्वारा तैयार सूची में ऐसे वेयरहाउस संचालकों को भी शामिल किया गया है, जिनका पिछला रिकॉर्ड विवादित रहा है।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार जिन वेयरहाउस संचालकों ने पिछले धान उपार्जन सीजन में भंडारण के लिए गोदाम देने से इनकार कर दिया था, उन्हें भी इस बार गेहूं भंडारण के लिए चयनित सूची में जगह दी गई है।



इससे पूर्व में प्रशासन को गोदाम अधिग्रहण जैसी स्थिति का सामना करना पड़ा था, जिससे खरीदी व्यवस्था प्रभावित हुई थी।

### पारदर्शिता और जवाबदेही पर लगा प्रश्नचिह्न

मामले ने पूरी गेहूं खरीदी व्यवस्था की पारदर्शिता और जवाबदेही पर प्रश्नचिह्न लगा दिया है। अब प्रशासन के सामने चुनौती है कि वह चयन प्रक्रिया में पुराने रिकॉर्ड को ध्यान में रखते हुए केवल विश्वसनीय और सहयोगी वेयरहाउसों को ही जिम्मेदारी सौंपे, ताकि खरीदी प्रक्रिया सुचारू और निष्पक्ष रूप से संचालित हो सके।

### विवादित गोदाम पर भी भरोसा

जानकारी के अनुसार सूची में ऐसे वेयरहाउस भी शामिल बताए जा रहे हैं जिन पर पहले धान और गेहूं भंडारण में अनियमितताओं के आरोप लग चुके हैं। कुछ मामलों में लंबी रिकवरी और औसत से अधिक सूखत की शिकायतें भी दर्ज हैं। इसके बावजूद इन्हें दोबारा मैपिंग में शामिल किए जाने पर पारदर्शिता पर सवाल उठ रहे हैं।

## नहर में मिली वृद्ध की लाश

**जबलपुर।** तिलवारा थाना अंतर्गत धनमहल रिसॉर्ट के सामने स्थित नहर में रविवार को एक अज्ञात वृद्ध का शव मिलने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और छानबीन शुरू कर दी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, ग्राम घाना निवासी प्रदीप डेहरिया (25) रविवार सुबह करीब 10 बजे धनमहल रिसॉर्ट के सामने नहर में नहाने गया था। जैसे ही वह पानी के करीब पहुँचा, उसने एक वृद्ध व्यक्ति का शव पानी में उतराता हुआ देखा। घबराए युवक ने तुरंत इसकी सूचना तिलवारा पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस पहुंची और और शव को नहर से बाहर निकाला गया। पुलिस के मुताबिक, मृतक पुरुष की उम्र लगभग 60 वर्ष प्रतीत हो रही है। पुलिस आसपास के थानों में दर्ज गुमशुदगी की रिपोर्टों का मिलान कर रही है ताकि मृतक की पहचान हो सके। वृद्ध नहर में कैसे गिरा इसका पता नहीं चल सका है जांच जारी है।

# जलती चिता पर लेटा युवक जिंदा जला, मौत

**नवभारत, जबलपुर।** खितौला थाना अंतर्गत हिरन नदी तट स्थित मुक्तिधाम में रविवार को जलती चिता पर युवक लेट गया और जिंदा जल गया। प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई कि मृतक मानसिक से कमजोर था। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार शिव कोल पिता विनोद कोल 30 वर्षीय निवासी लखराम मोहल्ला का रविवार तड़के करीब 3:30 बजे अपने घर से अचानक कहीं चला गया था। सुबह जब वह बिस्तर पर नहीं मिला, तो परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। काफी खोजबीन के बाद भी जब उसका



पता नहीं चला, तो सुबह 8 बजे खितौला थाने में उसकी गुमशुदगी की सूचना दी। इस बीच पुलिस को सूचना मिली कि मुक्तिधाम परिसर में एक युवक मृत अवस्था में पाया गया है। मौके पर पहुँचे परिजनों ने शव की पहचान की। प्रारंभिक जाँच में यह बात सामने आई है कि युवक की मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी। मुक्तिधाम में पहले से जल रही एक चिता में शिव लेट गया और उसकी मौत हो गई। अधजली अवस्था में उसकी लाश मिली।

### महिला का हुआ था दाह संस्कार

जांच में यह बात सामने आई कि कल शाम 5-30 बजे स्व. श्रीमति माया जैन की मौत होने पर दाह संस्कार हिरण नदी शमशान घाट खितौला में किया गया था। सोमवार सुबह लगभग 7-30 बजे रविन्द्र कुमार जैन शमशान घाट में चिता की स्थिति देखने गये तो देखा उसी चिता के उपर युवक लेटा था। जिसके बाद मामले की सूचना पुलिस को दी गई थी। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए जांच शुरू कर दी है।



# बाबा ने 5 करोड़ का मायाजाल बुन सुपरवाइजर को ठगा

**नवभारत, जबलपुर।** बरगी थाना अंतर्गत खमरिया तिराहा पर एक ढोंगी बाबा ने तंत्र-मंत्र का जाल बिछाकर सीमेंट फैक्ट्री के सुपरवाइजर को 5 करोड़ रुपये मिलने का झांसा दिया और उसकी जेब में रखे 28 हजार रुपये लेकर रफूचक्कर हो गया। ठग बाबा अपने साथी के साथ यूपी पासिंग की बलेनो कार में सवार होकर सिवनी की ओर फरार हो गया।

पुलिस के मुताबिक पवन कुमार पटेल (33) निवासी मंशी मोहल्ला बरगी, योधा सीमेंट फैक्ट्री निगरी में सुपरवाइजर हैं। बीती रात 11 बजे वह अपने परिचित चेतराम सरोते (60) के साथ बाइक एमपी 20 एन एन 2503 से सीमेंट दिलाने जा रहे थे। चेतराम के सीमेंट खरीदने के 28 हजार रुपये पवन की जेब में थे। जैसे ही वे खमरिया तिराहा नागपुर एन एच 34 पहुँचे, गुलाबी लुंगी और कुर्ता पहने एक व्यक्ति ने हाथ देकर उन्हें रोका। बाबा ने कहा कि उसे भूख लगी है, खाना खाने के लिए पैसे दे दो। पवन ने जैसे ही पर्स से 10 रुपये निकाले, बाबा ने हाथ की सफाई का खेल शुरू कर दिया।

### सिर में हाथ फेर बोला, 5 करोड़ मिलने वाले हैं

बाबा ने जमीन से मिट्टी उठाकर पवन की मुट्ठी में बंद करवाई और मंत्र पढ़ने लगा। जब मुट्ठी खुली तो मिट्टी काली रेत में बदल चुकी थी। इसके बाद बाबा ने पवन के सिर पर हाथ फेरकर कहा, तुम्हें 5 करोड़ रुपये मिलने वाले हैं। तुम्हारे पास जो पैसे हैं लाओ, उन्हें शुद्ध कर देता हूँ। 5 करोड़ के भारी-भरकम प्रलोभन में आकर पवन ने सीमेंट के लिए रखे 28 हजार रुपये बाबा के हाथ में रख दिए। बाबा ने पैसे हाथ में लिए, मंत्र बुदबुदाया और देखते ही देखते सड़क किनारे पहले से खड़ी एक सफेद बलेनो कार येपी 14 डीई 4939 में जा बैठा। कार में उसका एक साथी पहले से गेट खोलकर तैयार खड़ा था। पलक झपकते ही आरोपी सिवनी की ओर भाग निकले। धोखाधड़ी का अहसास तो पीड़ित ने थाने पहुँचकर आपबीती सुनाई। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

### पीछा कर हरियाणा-यूपी के ठग दबोचे

टीआई नीलेश दोहरे ने बताया कि आरोपियों के सिवनी तरफ भागने की सूचना पर पुलिस अलर्ट हुई और नाकेबंदी की गई। एक टीम आरोपियों के पीछे रवाना हुई। इसके बाद हाईवे से नवीन नाथ पिता स्व सुरेश नाथ 28 वर्ष निवासी ग्राम अच्छेजा थाना हषनपुर जिला पलवल हरियाणा, विक्रम नाथ पिता सरदार नाथ 36 साल निवासी ग्राम विसरक थाना विसरक जिला गौतम बुद्ध नगर (नोयडा) उत्तर प्रदेश को दबोचा। जि न्होंने वारदात करना स्वीकार किया। जिनके कब्जे से ठगी किये 20 हजार रूपये एवं घटना में प्रयुक्त कार, मोबाइल जप्त किए गए।

# देर से खुला केंद्र, धूप में परेशान होते रहे छात्र

**नवभारत,जबलपुर।** मध्य प्रदेश की 'प्रतिभा सम्मान योजना' की मेन्स परीक्षा रविवार को जबलपुर में अव्यवस्थाओं के कारण विवादों में आ गई। अधारताल स्थित सांदीपनि विद्यालय परीक्षा केंद्र पर निर्धारित समय पर गेट नहीं खुलने से छात्र-छात्राओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। एडमिट कार्ड के अनुसार परीक्षा में प्रवेश का समय सुबह 9:30 बजे और परीक्षा का समय 10 बजे निर्धारित था, लेकिन केंद्र पर ताले समय पर नहीं खोले गए। भीषण गर्मी और उमस में प्रदेशभर से आए छात्र और अभिभावक घंटों तक बाहर खड़े रहे। स्थिति इतनी बिगड़ गई कि परीक्षा करीब एक घंटे की देरी से सुबह 11 बजे शुरू हो सकी। इस दौरान बाहर खड़े अभिभावकों ने व्यवस्थाओं पर नाराजगी जताते हुए स्कूल प्रशासन पर लापरवाही के आरोप लगाए। अभिभावकों का कहना था कि न तो बैठने की उचित व्यवस्था थी और न ही गर्मी से राहत के इंतजाम किए गए थे। वहीं स्कूल प्रबंधन ने जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ते हुए परीक्षा समन्वय में गड़बड़ी को कारण बताया। प्रश्नपत्र के लिफाफे और अंदर के दस्तावेजों में अलग-अलग समय अंकित होने से भ्रम की स्थिति उत्पन्न हुई, जिसके चलते परीक्षा प्रक्रिया बाधित हुई। इस अव्यवस्था ने परीक्षा से पहले ही छात्रों को मानसिक तनाव में डाल दिया।

## जबलपुर से अयोध्या के बीच स्पेशल ट्रेन

**जबलपुर।** रेल प्रशासन द्वारा समर के दौरान यात्रियों की सुविधा हेतु ग्रीष्मकालीन अवकाश में उत्तर प्रदेश के धार्मिक नगरी अयोध्या के लिए गाड़ी संख्या 01705/01706 जबलपुर-अयोध्या धाम जंक्शन-जबलपुर साप्ताहिक समर स्पेशल ट्रेन 13-13 ट्रिप चलाने का निर्णय लिया गया है। यह स्पेशल ट्रेन वातानुकूलित, शयनयान एवं सामान्य श्रेणी के कोचों के साथ संचालित होगी। इस स्पेशल ट्रेन में वर्तमान में सभी श्रेणी में उपलब्ध आरक्षित बर्थों पर यात्री अग्रिम आरक्षण सुविधा का लाभ ले सकतें है। मालूम हो कि गाड़ी संख्या 01705 जबलपुर-अयोध्या धाम जंक्शन साप्ताहिक समर स्पेशल ट्रेन 21 अप्रैल से 14 जुलाई तक प्रत्येक मंगलवार को अपने प्रारंभिक स्टेशन जबलपुर से शाम 19:40 बजे प्रस्थान कर सिहोरा रोड 20:10 बजे, कटनी 21:20 बजे, मैहर 22:10 बजे, सतना 22:50 बजे, अगले दिन मानिकपुर जंक्शन मध्यरात्रि 00:28 बजे, प्रयागराज छिवकी 02:15 बजे, मिर्जापुर 04:00 बजे, वाराणसी 07:05 बजे, जौनपुर जंक्शन 08:30 बजे पहुँचकर और बुधवार को अयोध्या धाम जंक्शन 11:25 बजे पहुंचेगी।














स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्राईवेट लिमिटेड हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा.लि. के लिए आशीष श्रोती द्वारा नेपियर टाऊन बस स्टैण्ड जबलपुर से प्रकाशित एवं नेपियर टाऊन बस स्टैण्ड जबलपुर से मुद्रित. स्थानीय संपादक अविनाश दीक्षित*, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत जिम्मेदार, फोन-0761-4109072, E mail-navbharatjabalpur@gmail.com पो.रजि.नं.201-04/2003 RNI Reg No.1537/57